आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**27 मई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से उत्पन्न जनसांख्यिकीय परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए किया उच्च स्तरीय समिति का गठन। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नाओलेकर करेंगे समिति की अध्यक्षता।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे हुए केंद्र सरकार के बारह वर्ष। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सेवा, सुशासन और लोक–कल्याण को समर्पित है यह दौर।
- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज और लखनऊ में महापौर के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों में लिया हिस्सा। लखनऊ में नगर निगम की चार सौ तेरह करोड़ रुपये की तीन सौ बयालीस परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
- प्रदेश में तेज धूप, भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। कल से आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना।

**********

केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाले जनसांख्यिकीय बदलाव की चुनौतियों से निपटने के लिए एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नाओलेकर करेंगे। जनगणना आयुक्त के साथ–साथ पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को इस समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव इस समिति में सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह समिति अवैध प्रवासन और अन्य अस्वाभाविक कारणों से पूरे देश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का व्यापक मूल्यांकन करेगी। एक रिपोर्ट–

**ये उच्च स्तरीय समीति अवैध अप्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से पूरे देश में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करेगी। यह धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या स्थानांतरण का भी विश्लेषण करेगी और इसके लिए एक योजनाबद्ध और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति की घोषणा की थी।**

**मैं आज देश के सामने एक चिंता एक, एक चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं। षडयंत्र के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है। एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं और ये घुसपैठिये मेरे देश के नौजवानों की रोजीदृरोटी छीन रहे हैं। ये देश सहन नहीं करेगा और इसलिए एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय किया है।**

**समिति एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वहीं, आवश्यकता पड़ने पर समिति का कार्यकाल 6 महीने तक बढ़ाया जा सकता है। अनुपम मिश्र के साथ शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अपने पद पर बारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष दो हजार चौदह में कल ही के दिन श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नरेंद्र मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर इसे सेवा, सुशासन और लोक–कल्याण को समर्पित गौरवशाली 12 वर्ष बताया।

**मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन वर्षों में गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता बना, अंत्योदय आत्मनिर्भरता की शक्ति में बदला और जनभागीदारी ने विकास को जन–आंदोलन का रूप दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल, डेमोग्राफी और डेमोक्रेसी की त्रिवेणी विकसित भारत 2047 की दिशा को नई गति दे रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्श पूरे होने पर इसे भारत की सभ्यता और विकास यात्रा का एक बदलाव लाने वाला दौर बताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को देश के प्रशासन, सोच, नेतृत्व और राष्ट्रीय संकल्प में एक निर्णायक बदलाव आया, जब श्री मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।**

**********

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की पेमेंट गेटवे प्रणाली में सुधार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के चार प्रमुख बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की । इस दौरान श्री प्रधान ने विदयार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए निर्बाध और सुरक्षित भुगतान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बीच, सी०बी०एस०ई० ने स्पष्ट किया है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए उपयोग की जाने वाली ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में कोई सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ है। सी.बी.एस.ई. ने कहा कि वास्तविक मूल्यांकन कार्य के लिए उपयोग किए जा रहे पोर्टल पर कोई सुरक्षा उल्लंघन सामने नहीं आया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज दौरे पर पहुंचे। वहां उन्होंने नगर निगम में आयोजित "मेयर के तीन साल बेमिसाल" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम के नए सदन हॉल का लोकार्पण किया। साथ ही नगर निगम के नए लोगो का अनावरण और पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित विशेष पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने 'यूनेस्को' द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' के रूप में स्थान दिए जाने की उपलब्धि के बारे में चर्चा की।

**जब उन्नीस में हमारी सरकार को पहली बार प्रयागराज कुम्भ के आयोजन को करने का अवसर प्राप्त हुआ था तब प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से और उनके प्रयास से प्रयागराज के कुम्भ को यूनेस्को ने मानवता के अमूर्त धरोहर के रूप में मान्यता देकर के हमारे पूर्वजों की इस परम्परा को हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परम्परा के इस आयोजन को वैश्विक मान्यता देने का काम किया था।**

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा के अवसर पर कल प्रयागराज में संगम तट पर माँ गंगा का दर्शन–पूजन किया और आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नगर निगम की चार सौ तेरह करोड़ रुपये की तीन सौ बयालीस परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। श्री योगी ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है, प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, हमें इसे पहले स्थान पर लाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पचीस करोड़ प्रदेशवासियों और नगर निगम ने पूरे क्षेत्र को अपना परिवार माना।

**25 करोड़ की आबादी ही हमारा परिवार है और लखनऊ नगर निगम ने कहा कि पूरा लखनऊ ही हमारा परिवार है इसलिए बिना भेदभाव उनतक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है आज उसका लाभ मिल रहा है हर स्तर पर मिल रहा है जब अच्छा करते है तो लोग एप्रीसिएट करते है अच्छी सुविधाएं मिलती है विकास का स्तर हर स्तर पर चलता हुआ दिखता है और ये चीजें हमें दिखाई देती है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथमतल पर स्थापित श्री राम परिवार की स्थापना की पहली वर्षगांठ पर कल विशेष अनुष्ठान किए गए। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के संपूर्ण परिवार को नए वस्त्र धारण करा कर विशेष श्रृंगार करने के साथ छप्पन भोग लगाए गए। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि वहां दिन भर विशेष पूजा–अर्चना, भजन–कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**********

प्रदेश में कल भी दिन भर तेज धूप, भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते कल से आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना जतायी है।

**********